राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने नाहरगढ से जयपुर को निहारा

जयपुर, 27 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को सांय नाहरगढ और आमेर किले का अवलोकन किया। नाहरगढ़ पहुंचने पर पर्यटन मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह एवं पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने राज्यपाल की अगवानी की राज्यपाल श्री मिश्र ने नाहरगढ से जयपुर शहर को निहारा। राज्यपाल के मुख से निकला
" बेहद खूबसूरत गुलाबी शहर "।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आमेर किले में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित प्रकाश एवं ध्वनि प्रदर्शन को देखा। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा और सराहना की ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने नाहरगढ में वैक्स म्यूजियम का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र सहित गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल